मूल्य 1 रु.

वर्ष: 9 - अंक : 236, मुंबई, मंगलवार, 3 दिसंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर


## 10 साल में सबसे बुरी हालत में पहुंची रेलवे

कैग के आंकड़े को आसान भाषा में समझें तो रेलवे 98 रुपये 44 पैसे लगाकर सिर्फ 100 रुपये की कमाई कर रही है। यानी कि रेलवे को सिर्फ एक रुपये 56 पैसे का मुनाफा हो रहा है जो व्यापारिक नजरिए से सबसे बुरी स्थिति है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अपने तमाम संसाधनों से रेलवे 2 फीसदी पैसे भी नहीं कमा पा रही है।

नई दिल्ली। एक तरफ जहां मोदी सरकार देश में बुलेट ट्रेन लाने की तैयारी में जुटी हुई है वहीं दूसरी तरफ भारतीय रेल बीते 10 सालों में सबसे बुरे दौर में पहुंच गई है। इस बात की तस्दीक नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने की है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रेलवे की कमाई बीते दस सालों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# मोदी सरकार के लिए एक और... झटका





॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI
• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

उद्धव ने बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा करने का आदेश दिया, कहा– हमारी आम आदमी की सरकार

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

# शरद पवार ने किया दावा



## मोदी हमारे साथ काम करना चाहते थे, पर मैंने वह प्रस्ताव ठुकरा दिया

**मुंबई।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ काम करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। पवार ने महाराष्ट्र के एक स्थानीय चैनल को दिए साक्षात्कार में यह बात कही। पवार ने यह बात तब कही, जब उनसे पूछा गया कि शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद पर मांग ठुकराए जाने के बाद भाजपा का साथ छोड़ दिया और सरकार बनाने के लिए राकांपा-कांग्रेस का हाथ थामा। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# आरे के बाद उद्धव ठाकरे का एक और बड़ा फैसला

## अब इन प्रदर्शनकारियों के केस वापस होंगे



**मुंबई।** आरे के बाद अब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नाणार रिफाइनरी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस वापस लेने के आदेश दिए हैं। शिवसेना रत्नगिरि में तेल रिफाइनरी प्रोजेक्ट का विरोध करती रही है। शिवसेना के विरोध के बाद इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। हालांकि तत्कालीन सरकार में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, लोगों ने आरोपी को निर्वस्त्र कर घुमाया

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर के नजदीकी इलाके में 35 वर्षीय व्यक्ति को गुस्साई भीड़ ने चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने पर निर्वस्त्र कर घुमाया। लोगों ने आरोपी जवाहर वैद्य के हाथ रस्सी से बांधे उसके कपड़े उतरवाए और फिर सड़कों पर घुमाया। इस दौरान उसे गुस्साए लोगों ने पीटा भी, जिसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। आरोपी कोऑपरेटिव सोसायटी बैंक में कैश कलेक्शन का काम करता है। पुलिस में दर्ज करवाई गई शिकायत के मुताबिक, 'वैद्य बच्ची के घर रोज कैश कलेक्ट करने जाया करता था। रविवार को जब उसने बच्ची को अकेले पाया तो उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। इस दौरान अचानक बच्ची की मां वहां आ गई और उसने शोर मचाया, जिसे सुन आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने वैद्य को पकड़ लिया।' मामले की जानकारी और लोगों को लगी तो उन्होंने आरोपी को घेर लिया और उसे पीटते व निर्वस्त्र कर सड़कों पर घुमाया। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया गया है।

### बीमार गाय के पेट से निकली 18 किलो प्लास्टिक, नहीं बच सकी जान

**मुंबई।** मुंबई में डॉक्टरों ने एक बीमार गाय के पेट से करीब 18 किलो प्लास्टिक का कचरा निकाला, हालांकि गाय को पूरी देखभाल के बाद भी नहीं बचाया जा सका। इस गाय को बॉम्बे सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रूएलिटी टु एनिमल्स (बीएसपीसीए) में भर्ती कराया गया था।
बीएसपीसीए के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल जेसी खन्ना ने बताया, 'यह घटना हमारा ध्यान इस बात की ओर खींचती है कि हमें प्लास्टिक के अवैध सामान जैसे, बैग वगैरह का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। शनिवार को हमारे डॉक्टरों ने गाय का सफल ऑपरेशन करके उसके पेट से 18 किलो प्लास्टिक का कचरा निकाला था। लेकिन रविवार सुबह 10:30 बजे पूरी देखरेख के बाद भी गाय की मौत हो गई।'
उन्होंने बताया कि गाय को 7 नवंबर को बोरीवली में रहने वाले उसके मालिक ने भर्ती कराया था। उस समय तक गाय ने खाना छोड़ दिया था। खन्ना ने कहा, 'हमने पहले गाय को तरल डायट पर रखा और उसके बाद उसके पेट की जांच की। उसके पेट में कोई ठोस चीज जमा हो गई थी जो बाद में प्लास्टिक के बैग और दूसरे कचरे का ढेर निकला। खाने की खोज करते हुए गाय इन्हें खा गई होगी।'
पशु अधिकारों के लिए काम करने वाले कार्यकताओं ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैलों का इस्तेमाल तुरंत तुरंत बैन करने की मांग उठाई है। एक कार्यकर्ता ने कहा, 'आज भी फल-सब्जी बेचने वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।'

### रिश्वत का आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक इंजिनियर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित तौर पर रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि पंकज धनपाल (36) ने लगाए गए मीटरों के सर्वेक्षण के लिए एक एजेंट से 1,500 रुपये की मांग की थी। एसीबी के पुलिस अधीक्षक मुकुंद हतोते ने बताया, 'एजेंट ने एसीबी से संपर्क किया और हमने शनिवार को बोइसर में रिश्वत लेते हुए उसे पकड़ा। भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत उसके खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।'

# आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई का विरोध करने वालों पर दर्ज केस होंगे वापस: उद्धव

**मुंबई।** मुंबई की आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई का विरोध करने वाले कई पर्यावरणविदों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाएंगे। महाराष्ट्र की उद्धव सरकार ने रविवार को इस बारे में ऐलान करते हुए अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने के लिए कहा है। इससे पहले उद्धव ठाकरे की महाअघाड़ी सरकार ने आरे कॉलोनी में बनने वाले मेट्रो कार शेड प्रॉजेक्ट पर रोक भी लगाई थी।

आरे में मेट्रो कारशेड के लिए शिवसेना पेड़ों की कटाई के खिलाफ थी। ऐसे में सत्ता में आते ही राज्य के नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री ने अहम फैसला लिया था। उद्धव ठाकरे ने अपने शपथ ग्रहण के दूसरे दिन आरे में बनने वाले मेट्रो कार शेड प्रॉजेक्ट पर रोक लगा दी थी।

नवगठित सरकार की दूसरी बैठक के बाद मीडिया से उद्धव ने कहा था कि मैंने अधिकारियों



को आरे मेट्रो कार शेड प्रॉजेक्ट का काम रोकने का आदेश दिया है। फिलहाल मेट्रो के काम पर कोई रोक नहीं है, लेकिन सरकार के अगले आदेश तक आरे में एक भी पत्ता नहीं काटा जाएगा।'

सरकार के इस फैसले के बाद पेड़ों की कटाई को रोकने और मुद्दे को कोर्ट में चुनौती देने वाले पर्यावरण प्रेमी जोरू बाथेना ने कहा था कि इससे बड़ी जीत मुंबईकर के लिए हो ही नहीं सकती। बाथेना ने कहा था कि हम मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरे साइट विजिट करने की अनुमति मांगेंगे। वहीं 'सेव आरे' के लिए 29 लोगों के खिलाफ चल रहे मामलों को खत्म करने पर भी बात करेंगे।

बता दें कि आरे के पेडों की कटाई रोकने के लिए पुलिस ने ना केवल तमाम लोगों को हिरासत में लिया था, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी किया था, इनमें स्टूडेंट्स भी शामिल थे। पूर्व में सरकार द्वारा आरे में मेट्रो कार शेड का काम रोकने पर तमाम पर्यावरणविदों ने इसकी सराहना की थी। इसके साथ ही लोगों ने सरकार से यह भी कहा था कि जिन लोगों पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान केस हुए थे, उन्हें राहत देने के लिए केस वापस लिए जाएं।

# फिर खुले सिंचाई घोटाले की फाइल, शिवसेना को समर्थन दे रहे विधायक बच्चू कडू ने की मांग

**मुंबई।** प्रहार पार्टी के विधायक बच्चू कडू ने सिंचाई घोटाले की फाइल दोबारा खोलने की मांग की है। बता दें कि कडू शिवसेना को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि बीच में सिंचाई घोटाले की फाइल बंद हो गई थी, उसकी दोबारा जांच होनी चाहिए। राज्य की जनता को सिंचाई घोटाले का सच जानना चाहिए। यह तभी हो सकता है जब पूरे मामले की दोबारा जांच हो।

विधानभवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कडू ने कहा कि मराठवाडा और विदर्भ में सिंचाई का अनुशेष कम नहीं हुआ है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र अचलपुर और अमरावती जिले में कम से कम 8 से 9 परियोजनाओं की शुरूआत ही नहीं हुई है। बता दें कि



राज्य में कांग्रेस-एनसीपी की आघाडी सरकार के दौरान सिंचाई घोटाला सामने आया था। विपक्षी बीजेपी ने आघाडी सरकार पर 70 हजार करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले में तत्कालीन मंत्री अजित पवार और सुनील तटकरे का नाम उछला था, जिसकी जांच अब भी एसीबी कर रही है।

बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को तत्काल आर्थिक मदद के लिए बच्चू कडू ने एक सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 6 महीने तक मंत्रियों, विधायकों और ए क्लास के ऑफिसर्स को वेतन मत दो। इनके वेतन की राशि को किसानों की मदद के लिए खर्च किया जाए। इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर हमला करते हुए कडू ने कहा कि शनिवार को अपने कृतित्व से उन्होंने नैतिकता गंवा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा-शिवसेना में 25 साल मित्रता थी, जो भविष्य में भी हो सकती है, लेकिन यह मौका फिर नहीं आएगा। बीजेपी को नवनियुक्त मुख्यमंत्री को बधाई देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने मौका गंवा दिया।

## बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा करेगी महाराष्ट्र सरकार : ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन समेत राज्य में चल रही सभी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के आदेश दिए हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना को किसानों और आदिवासियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा जिनकी भूमि अधिग्रहित की जानी है। उन्होंने रविवार देर रात यहां पत्रकारों से कहा, यह सरकार आम आदमी की है। जैसा कि आपने अभी पूछा, हां, हम बुलेट ट्रेन (परियोजना) की समीक्षा करेंगे। क्या मैंने आरे कार शेड की तरह बुलेट ट्रेन परियोजना को रोका है? नहीं। ठाकरे ने बताया कि उनकी सरकार राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र भी लाएगी।

# किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 हजार मिलें

**मुंबई।** मुख्यमंत्री रहते हुए देवेंद्र फडणवीस ने किसानों के लिए कभी प्रति हेक्टेयर 25,000 रुपये देने की घोषणा नहीं की, लेकिन विपक्ष में आते ही उन्होंने यह मांग कर डाली। रविवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने कहा, 'अब हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को मदद मिले।'

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये का पैकेज नाकाफी है। बेमौसम बारिश और सूखे से प्रभावित किसानों को



मुआवजे के तौर पर प्रति हेक्टेयर 25,000 रुपये दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, 'उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के नेता के तौर पर पिछले महीने (जब वह मुख्यमंत्री नहीं थे) राज्य भ्रमण के दौरान किसानों को मदद के तौर पर प्रति हेक्टेयर 25,000 रुपये देने की मांग की थी। मुझे लगता है कि उन्हें अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को यह मदद मिले।'

शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर अपनी पूर्व सहयोगी भाजपा से अलग होने के बाद शिवसेना ने राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन में सरकार बनाई है। पिछले महीने शिवसेना और भाजपा के बीच जब सरकार गठन को लेकर भीषण टकराव चल रहा था, तब ठाकरे ने कुछ इलाकों का दौरा किया था, जहां के किसानों को इस साल हुई बेमौसम बारिश से नुकसान हुआ था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र: स्पीकर कांग्रेस का, एनसीपी के लिए साफ डेप्युटी सीएम का पद

**मुंबई।** कांग्रेस विधायक नाना पटोले को रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा का स्पीकर चुन लिया गया। इसके साथ ही एनसीपी के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री के पद का रास्ता साफ हो गया है। पहले एनसीपी और कांग्रेस, दोनों को एक-एक डेप्युटी सीएम पद देने पर बातचीत हुई थी, लेकिन बाद में एनसीपी ने दो डेप्युटी सीएम पद पर आपत्ति प्रकट कर दी। जब स्पष्ट हो गया कि अब समझौते की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है तो सोनिया गांधी ने पूर्व सांसद नानाभाई पटोले का नाम स्पीकर के लिए बढ़ा दिया।

बता दें कि पहले एनसीपी और शिवसेना महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष और 12 मंत्री पद कांग्रेस को देने पर राजी हुई थीं। दोनों दल कांग्रेस



को अलग से एक डेप्युटी सीएम का पद देने पर भी सहमत हुए थे। हालांकि, बाद में एनसीपी ने राज्य में दो डेप्युटी सीएम बनाए जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति प्रकट की। इसके बाद यह चर्चा की गई कि अगर कांग्रेस ने डेप्युटी सीएम पर अपना दावा छोड़ा तो उसे विधानसभा अध्यक्ष पद दे दिया जाएगा। अब एनसीपी के 16, शिवसेना के 15 और कांग्रेस के 12 मंत्री सरकार में होंगे।

विधानसभा में रविवार को बीजेपी के स्पीकर पद के उम्मीदवार किशोर कठोरे ने अपना नामांकन वापस ले लिया जिसके बाद नाना पटोले स्पीकर चुन लिए गए। वहीं, देवेंद्र फडणवीस नेता विपक्ष बने। ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास आघाड़ी ने शनिवार को 169 विधायकों के वोट के साथ बहुमत साबित किया था। फ्लोर टेस्ट के दौरान बीजेपी के 105 विधायकों ने वॉकआउट किया था।

# नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने वाला टीचर गिरफ्तार

**मुंबई।** चारकोप पुलिस ने एक ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 4 महीने से छात्रा को परेशान कर रहा था। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी टीचर चारकोप के सेक्टर एक स्थित एक नामी क्लासेज में पढ़ाता है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ 15 वर्षीय छात्रा ने बदसलूकी, छेड़छाड़ और अश्लील बातें करने के अलावा अश्लील गानों के लिंक मोबाइल पर भेजने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि टीचर पिछले 4 महीने से उसे देखकर अश्लील इशारे करता था। साथ ही, मौका मिलने पर शरीर को छूता था और खुद को दोस्त बताया करता था। छात्रा ने टीचर को कई बार मना भी किया, मगर उसकी हकरतें और बढ़ती जा रही थीं। पीड़िता के पिता ने बताया कि टीचर की हरकतों से परेशान होकर बेटी ने शुक्रवार को स्कूल टीचर को सारी बातें बताईं। उन्होंने यह बात माता-पिता को बताने के लिए कहा। पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# सुप्रिया सुले ने महापोर्टल बंद करने की मांग की

**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस सरकार के दौरान राज्य में सरकारी नौकरी भर्ती के लिए शुरू किए गए 'महापोर्टल' को बंद करने की मांग एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से की है। मुख्यमंत्री ठाकरे को लिखे पत्र में सुले ने कहा है कि इस पोर्टल के खिलाफ कई उम्मीदवारों ने नाराजगी जताई है। सरकारी नौकरी भर्ती में पारदर्शिता होनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन देने के लिए पिछली सरकार ने महासेवा पोर्टल शुरू किया था, लेकिन इस पोर्टल से इच्छुक युवाओं को मदद मिलने की बजाय परेशानी ज्यादा हुई। इसकी हजारों शिकायतें की गईं, राज्य में जगह-जगह महासेवा पोर्टल के खिलाफ युवाओं ने आंदोलन किए।

सुप्रिया ने कहा कि चुनाव से पहले मैंने इसके खिलाफ संवाद यात्रा निकाली थी। उस दौरान अनेक युवाओं ने मुझसे मिलकर पोर्टल को बंद करने की मांग की थी। इसलिए पुराने पोर्टल को बंद कर नया पोर्टल शुरू किया जाए। शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने सुले की मांग का समर्थन किया। वहीं मुख्यमंत्री ठाकरे ने इस पर विचारकर निर्णय लेने का आश्वसन दिया है।

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से सुप्रिया सुले ने कहा कि महापोर्टल के जरिए होनेवाली भर्ती पारदर्शी होती है। यह



दावा निराधार है, इसी कारण युवाओं ने इसके खिलाफ आंदोलन किया था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा शुरू महापोर्टल से भर्ती प्रक्रिया को बंद कर पहले की तरह परीक्षा ली जाए। बता दें कि भाजपा सरकार ने राज्य में सरकारी नौकरी में भर्ती के लिए मेगा भर्ती की जगह महापोर्टल तैयार किया था। लोगों ने आरोप लगाया है कि जिस प्राइवेट कंपनी को भर्ती का ठेका दिया गया है, उसने मध्यप्रदेश में घोटाला किया था। अब महाराष्ट्र में ऑनलाइन भर्ती में भ्रष्टाचार शुरू है, इसलिए तत्काल पोर्टल भर्ती बंद कर ऑनलाइन परीक्षा ली जाए।

## जीआरपी के हत्थे चढ़ा 60 बार गुनाह करने वाला आरोपी

**मुंबई।** रेलवे स्टेशनों पर लगातार चेन स्नैचिंग की बढ़ती घटनाओं ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। इन पर लगाम कसने के लिए रेलवे पुलिस ने पुराने अपराधियों के रेकॉर्ड खंगालने शुरू किए हैं। जीआरपी कमिश्नर रविंद्र सेनगावकर, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और रेलवे की क्राइम ब्रांच युनिट ने इसके लिए विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम ने एक आदतन अपराधी को पकड़ कर चेन स्नैचिंग के पूरे 'गंदे धंधे' को उजागर करने की शुरूआत की है। जीआरपी को पता चला कि हाल ही में अंधेरी स्टेशन पर एक आरोपी पकड़ा गया है जिसका नाम राजु मधुकर पाटील है।

# दादर स्टेशन पर छेड़छाड़, लड़की ने कॉलर पकड़ आरोपी को पुलिस को सौंपा

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे पर शनिवार रात 10:30 बजे एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। इस मामले में अंधेरी जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

जीआरपी ने बताया कि आरोपी ने दादर स्टेशन पर पीड़िता से छेड़छाड़ की, फिर भीड़ का फायदा उठाकर लोकल में सवार हो गया। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया और खुद भी ट्रेन में सवार हो गई। अंधेरी स्टेशन आने के बाद प्लैटफॉर्म पर पुलिस को देखकर पीड़िता ने दरवाजे पर खड़े आरोपी को कॉलर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अंधेरी जीआरपी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीड़िता का बयान लिया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह घटना दादर में हुई थी, इसलिए अंधेरी जीआरपी ने केस मुंबई जीआरपी को ट्रांसफर कर दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षण एस. धिवार ने बताया कि आरोपी जावेद शाह मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। जांच कर रही है।

# ठगों ने बना डाले बैंक, मैनेजर बनकर लगाया करोड़ों का चूना

**मुंबई।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी के हजारों, लाखों मामले हर साल सामने आते हैं, लेकिन मुंबई में कांदिवली क्राइम ब्रांच ने ठगों के ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने अलग-अलग बैंकों के कई-कई करोड़ के फर्जी चेक, ड्राफ्ट बनाकर लोगों को दे दिए। बतौर मैनेजर इन पर खुद के सिग्नेचर भी कर दिए। डीसीपी अकबर पठान ने बताया कि इस केस में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 50 से ज्यादा डिमांड ड्राफ्ट और चेक बरामद किए गए हैं।

एक डिमांड ड्राफ्ट पर 9 करोड़ की राशि लिखी हुई थी, जबकि अन्य ड्राफ्ट चेकों पर एक करोड़ से लेकर पांच करोड़ लिखा हुआ पाया गया। यही नहीं, जिन बैंकों के नाम पर ठगी की गई, उनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, एक्सिस बैंक और स्टैंडर्ड चार्टेट बैंक के नाम प्रमुख हैं। इन ठगों ने सोशल मीडिया व अन्य तरीकों से लोगों के बीच इस बात का प्रचार करवा रखा था कि ये लोग मुंबई की दो नामी फाइनैंस कंपनियों से जुड़े हुए हैं और किसी को भी बहुत आसानी से लोन दिलवा सकते हैं। कई कॉर्पोरेट हाउसेस के प्रबंधकों व बड़े व्यापारियों ने इनसे संपर्क किया। इन्होंने बिना किसी दिक्कत के उन्हें लोन दिलाने का वादा किया। जिन्हें लोन चाहिए, उनके नाम पर इन्होंने जरूरी फर्जी दस्तावेज बनाए।

# बीजेपी में बगावत! पंकजा मुंडे ने कहा- 8 से 10 दिन में लूंगी बड़ा फैसला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की सत्ता जाने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी में बागी बोल मुखर हो रहे हैं। बीजेपी के कद्दावर नेता और पूर्व में मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्री रहे गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा ने कहा है कि वह अगले 8-10 दिनों में बड़ा फैसला करेंगी। शनिवार को अपनी एक फेसबुक पोस्ट में पंकजा ने यह लिखा है कि मैं आठ से 10 दिन में यह तय करूंगी कि मुझे कौन से रास्ते जाना है।

पंकजा मुंडे ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि 'मैं 8 से 10 रोज में कुछ चिंतन करना चाहती हूं। 8-10 दिन में मैं यह तय कर लूंगी कि मुझे आगे क्या करना है और कौन से रास्ते जाना है।' पंकजा ने अपनी पोस्ट में गोपीनाथ मुंडे के जन्मदिन के दिन महाराष्ट्र में एक बड़ी रैली आहुत की है और अपने समर्थकों को इस रैली में आने के लिए कहा है। वहीं पंकजा के इस ऐलान के बाद बीजेपी की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

बदले राजनीतिक परिवेश में अपनी ताकत को समझना जरूरी है। मुझे 8-10 दिन तक कुछ चिंतन करना है और मैं 12 दिसंबर को आप सभी से मुलाकात करूंगी। यह हमारे नेता गोपीनाथ मुंडे जी का जन्मदिन है। मैं अगले 8-10 दिन में मैं यह तय कर लूंगी कि मुझे आगे क्या करना है और कौन से रास्ते पर जाना है।

बदले राजनीतिक परिवेश में अपनी ताकत को समझना जरूरी है। मुझे 8-10 दिन तक कुछ चिंतन करना है और मैं 12 दिसंबर को आप सभी से मुलाकात करूंगी। यह हमारे नेता गोपीनाथ मुंडे जी का जन्मदिन है। मैं अगले 8-10 दिन में मैं यह तय कर लूंगी कि मुझे आगे क्या करना है और कौन से रास्ते पर जाना है।

बता दें कि पंकजा मुंडे ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान परली विधानसभा सीट से दावेदारी की थी। पंकजा मुंडे को इस चुनाव में अपने ही चचेरे भाई धनंजय मुंडे से हार का सामना करना पड़ा था। धनंजय मुंडे ने यहां एनसीपी के टिकट पर दावेदारी की थी और उन्होंने पंकजा को 30 हजार से अधिक वोटों से चुनाव हराया था।

# उद्धव ने बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा करने का आदेश दिया, कहा- हमारी आम आदमी की सरकार

## महाराष्ट्र के पालघर में इस प्रोजेक्ट के विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं

**मुंबई।** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा करने का आदेश दिया। पिछले साल बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। इसका विरोध महाराष्ट्र के कई गांवों के किसानों ने किया था। किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया था। शिवसेना भी 'सामना' में इसके खिलाफ कई बार लिख चुकी है। उद्धव ने कहा, हमारी आम आदमी की सरकार है। हम लोग बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का रिव्यू करेंगे, लेकिन मैंने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट रोकने के लिए नहीं कहा। ठाकरे के शपथ लेने से पहले भी ऐसी खबरें आई थीं कि महाराष्ट्र सरकार बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की फंडिंग रोक सकती है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की फंडिंग में राज्य सरकारों को भी हिस्सा देना है। इसमें महाराष्ट्र का 25% हिस्सा है। कांग्रेस-



राकांपा-शिवसेना की इस सरकार का दावा है कि वह जल्द ही महाराष्ट्र की आर्थिक हालत पर श्वेत्र पत्र लाएगी, क्योंकि राज्य सरकार पर करीब 5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। केंद्र सरकार की योजना है कि मार्च 2020 तक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का कामकाज शुरू कर दिया जाएगा। दिसंबर 2023 तक प्रोजेक्ट को पूरा करना होगा। जापान के सहयोग से प्रोजेक्ट के लिए अभी भी जमीन का सर्वे ही चल रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन जिस रास्ते से गुजरेगी, वहां जमीन अधिग्रहण का काम पूरा नहीं हुआ है। इसको लेकर एक डिजाइन भी तैयार किया गया है। अहमदाबाद के साबरमती से सूरजपुर जंक्शन के रेलवे स्टेशन के ऊपर से ही बुलेट ट्रेन गुजरेगी। मल्टीलेवल पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। कुछ जगह से अंडरग्राउंड मेट्रो निकलेगी।

**3 हजार रु. तक होगा किराया:** बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के एमडी अचल खरे ने सितंबर में बताया था कि इसका किराया करीब 3,000 हजार रुपए तक होगा। अहमदाबाद से मुंबई (508 किलोमीटर) के बीच बुलेट ट्रेन गलियारे में 12 स्टेशन होंगे। खरे ने कहा था- इस पूरी परियोजना के लिए हमें 1380 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है जिसमें निजी, सरकारी, वन और रेलवे भूमि (गुजरात और महाराष्ट्र में) शामिल है।

# किसी और से बात कर रही थी लड़की, बॉयफ्रेंड ने इतनी तेज जड़ा तमाचा कि हुई लड़की मौत


**संवाददाता**

**मुंबई।** यहां शनिवार को एक लड़के ने अपनी महिला मित्र को इतनी जोर का तमाचा मारा कि उसकी मौत हो गई। इस संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है। मानखुर्द पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नितिन बोहाडे ने रविवार को बताया कि 35 वर्षीय सीता प्रधान नामक महिला को सार्वजनिक शौचालय के निकट किसी अन्य व्यक्ति से बात करता देख उसके ब्वायफ्रैंड राजू पुजारी याल्लपा ने उसे



थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद उसे घाटकोपर में राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, हम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यालप्पा को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। हालांकि, सीता के परिजनों का आरोप है कि राजू पुजारी ने उसे बुरी तरह से पीटा है। कुछ ही देर में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर सकती है।

## 15 लाख रु. वसूलने के आरोप में मराठी अभिनेत्री सारा श्रवण गिरफ्तार



**पुणे।** मराठी अभिनेत्री सारा श्रवण को साथी अभिनेता द्वारा दर्ज 15 लाख रुपए की वसूली मामले में पुणे पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। मामले में अभी तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने रविवार को बताया कि श्रवण ने अभिनेता सुभाष यादव के साथ काम किया था और फिल्म रिलीज होने के बाद उनके खिलाफ छेड़खानी का एक मामला दर्ज कराया था। उन्होंने कहा, एक आरोपी राम जगदाले ने सौदे में बिचौलिए का काम किया। यादव ने अपनी हरकतों के लिए माफी मांगने वाला एक वीडियो तैयार किया। आरोपी ने वीडियो सार्वजनिक नहीं करने के बदले में यादव से 15 लाख रुपए मांगे थे।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### मोदी सरकार के लिए एक और झटका

रेलवे का परिचालन अनुपात वित्त वर्ष साल 2017-18 में 98.44 फीसदी तक पहुंच चुका है। अगर कैग के इस आंकड़े को आसान भाषा में समझें तो रेलवे 98 रुपये 44 पैसे लगाकर सिर्फ 100 रुपये की कमाई कर रही है। यानी कि रेलवे को सिर्फ एक रुपये 56 पैसे का मुनाफा हो रहा है जो व्यापारिक नजरिए से सबसे बुरी स्थिति है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अपने तमाम संसाधनों से रेलवे 2 फीसदी पैसे भी नहीं कमा पा रही है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक घाटे का मुख्य कारण उच्च वृद्धि दर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2017-18 के वित्तीय वर्ष में 7.63 फीसदी संचालन व्यय की तुलना में उच्च वृद्धि दर 10.29 फीसदी था। कैग के आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2008-09 में रेलवे का परिचालन अनुपात 90.48 फीसदी 2009-10 में 95.28 फीसदी, 2010-11 में 94।59 फीसदी, 2011-12 में 94.85 फीसदी, 2012-13 में 90।19 फीसदी 2013-14 में 93.6 फीसदी, 2014-15 में 91.25 फीसदी, 2015-16 में 90.49 फीसदी, 2016-17 में 96.5 फीसदी और 2017-18 में 98.44 फीसदी तक पहुंच चुका है। कैग ने रेलवे की खराब हालत के लिए बीते दो सालों में आईबीआर-आईएफ के तहत जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल नहीं होना भी बताया है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि रेलवे को बाजार से मिले फंड का पूरी तरह इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए। कैग ने रेलवे के राजस्व को बढाने के उपाय भी सुझाए हैं। कैग की तरफ से कहा गया है कि सकल और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों पर निर्भरता को कम किया जाना चाहिए इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के दौरान रेल के पूंजीगत व्यय में कटौती की भी सिफारिश भी की गई है।

### शरद पवार ने किया दावा

महाराष्ट्र में सरकार गठन से पहले शरद पवार ने किसानों के मुद्दे को लेकर नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। तब यह अटकलें तेज हो गई थीं कि राकांपा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के बीच महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर सहमति बन गई है। पवार ने कहा- मोदी ने मुझे साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था। मैंने उनसे कहा कि हमारे निजी रिश्ते बहुत अच्छे हैं और यह हमेशा उसी तरह रहेंगे। लेकिन, मेरे लिए साथ काम कर पाना संभव नहीं होगा। पवार ने इन खबरों को दरकिनार कर दिया कि मोदी सरकार ने उन्हें राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, पवार ने यह कहा कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले को मोदी कैबिनेट में जगह दिए जाने का प्रस्ताव दिया गया था। राज्यसभा के 250वें सत्र के मौके पर नरेंद्र मोदी ने पवार की तारीफ की थी। मोदी ने कहा था कि भाजपा और दूसरी पार्टियों को राकांपा से सीखना चाहिए कि किस तरह से संसदीय नियमों का पालन किया जाता है। इससे पहले 2016 में जब पुणे के वसंतदादा चीनी संस्थान में गए थे, तब मोदी ने कहा था कि सामाजिक जीवन के लिए पवार एक प्रेरणा हैं। तब मोदी ने कहा था- मैं पवार का निजी तौर पर सम्मान करता हूं। मैं तब गुजरात का मुख्यमंत्री था। उन्होंने उंगली पकड़कर मुझे आगे लाए थे। मैं इस सार्वजनिक तौर पर इसका जिक्र करके गर्व महसूस करता हूं।

### आरे के बाद उद्धव ठाकरे का एक और बड़ा फैसला

नाणार परियोजना के लिए इस क्षेत्र के 14 गांवों की लगभग 15,000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। नाणार तेल रिफाइनरी परियोजना IOC, HPCL और BPCL और सऊदी पेट्रोलियम की दिग्गज कंपनी अरामको और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच एक महत्वाकांक्षी तीन ट्रिलियन डॉलर का संयुक्त उपक्रम था। नाणार रिफाइनरी प्रोजेक्ट के खिलाफ 14 गावों के पंचायतों ने भी असहमति जताई थी। शिवसेना ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया था। शिवसेना के साथ-साथ पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने भी इस प्रोजेक्ट को बंद करने की मांग की थी। बीजेपी सरकार को गठबंधन की भागीदार शिवसेना के विरोध के बाद बैकफुट पर आना पड़ा था। महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को रोकने का फैसला किया था और कहा था कि इस प्रोजेक्ट को कहीं और शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले सीएम उद्धव ठाकरे ने रविवार शाम को मुंबई में आरे मेट्रो कार शेड निर्माण के खिलाफ आंदोलन करने वाले पर्यावरणविदों पर दर्ज मुकदमा को वापस लेने का फैसला किया था। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैंने आरे मेट्रो कार शेड के खिलाफ आंदोलन करने वाले कई पर्यावरणविदों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने का आदेश दिया है। इससे पहले उद्धव सरकार ने आरे मेट्रो कार शेड के निर्माण पर रोक लगाने का ऐलान किया था। बता दें कि अक्टूबर में मुंबई की आरे कॉलोनी में मेट्रो कार शेड के लिए काटे जा रहे पेड़ों को बचाने के लिए धरना-प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान पर्यावरण कार्यकताओं के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किए थे। वहीं, शपथ ग्रहण के 24 घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री ठाकरे ने अपने पहले फैसले में आरे मेट्रो कार शेड परियोजना के काम को रोकने का आदेश दिया था।

CMYK
CMYK











# सुप्रीम कोर्टः एससी-एसटी आरक्षण को केंद्र ने भावनात्मक मुद्दा बताया

## ...कहा- क्रीमी लेयर को दायरे से बाहर रखने पर पुनर्विचार करें

**संवाददाता**

**एससी-एसटी** की क्रीमी लेयर को आरक्षण के दायरे से बाहर रखे जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्र ने पुनर्विचार की अपील की है। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह बेहद भावनात्मक मुद्दा है और इसमें क्रीमी लेयर को आरक्षण के लाभ के दायरे से बाहर रखने का नियम लागू नहीं किया जा सकता। वेणुगोपाल ने कहा कि इस मामले को सुनवाई के लिए 7 जजों की बड़ी बेंच के पास भेजा जाए। सीजेआई एसए बोबडे की पीठ ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई दो हफ्ते




बाद करेंगे। सीजेआई बोबोडे की पीठ ने आरक्षण नीति की समीक्षा के लिए बनी राष्ट्रीय संयोजन समिति के अध्यक्ष ओपी शुक्ला द्वारा दाखिल याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय अनसूचित जाति आयोग को नोटिस भेजा है। शुक्ला ने अपील की कि तर्कसंगत तरीके से यह पहचान कर ली जाए कि एससी-एसटी में कौन सा वर्ग क्रीमी लेयर है और उसे कमजोर वर्ग से अलग कर दिया जाए। याचिका में कहा गया कि केंद्र सरकार ने अभी तक सरकार ने एससी-एसटी में क्रीमी लेयर की पहचान नहीं की है और ऐसे लोग इसी तबके के कमजोर लोगों की जगह आरक्षण का लाभ पा रहे हैं।

**क्रीमी लेयर की पहचान के लिए निर्देश की मांगः** इसी मामले में दाखिल एक जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट से एससी-एसटी के क्रीमी लेयर को नॉन-क्रीमी लेयर से अलग करने का तरीका तय करने के लिए निर्देश देने की अपील की गई थी। याचिका में कहा गया कि अदालत 'निरपेक्ष और तार्किक परीक्षण' के जरिए इस वर्ग के संपन्न लोगों की पहचान करने के निर्देश दे। सुप्रीम कोर्ट इस मामले से संबंधित कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रहा है।

# अयोध्या मामलाः सुप्रीम कोर्ट में पहली पुनर्विचार याचिका दाखिल

## रशीदी ने कहा- अदालत के फैसले में कई खामियां


**अयोध्या** विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सोमवार को पहली पुनर्विचार याचिका दायर हुई। जमीयत के सेक्रेटरी जनरल मौलाना सैयद अशद रशीदी ने यह याचिका दाखिल की। रशीदी मूल याचिकाकर्ता एम सिद्दीक के कानूनी उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने कहा- अदालत के फैसले में कई त्रुटियां हैं और संविधान के अनुच्छेद 137 के तहत इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा सकती है। रशीदी ने याचिका के साथ अदालत में 217 पन्नों के दस्तावेज भी पेश किए। इसमें कहा गया- कोर्ट ने माना है कि वहां नमाज होती थी, फिर भी मुसलमानों को बाहर कर दिया गया। 1949 में अवैध तरीके से इमारत में मूर्ति रखी गई थी, फिर भी रामलला को पूरी जमीन दे दी गई। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों के बीच संतुलन



बनाने की कोशिश में हिंदू पक्ष की अवैधानिक कार्रवाई को अनदेखा कर दिया। याचिका में कहा गया कि कोर्ट के फैसले का पहला और दूसरा हिस्सा विरोधाभासी है। कोर्ट ने इस बात पर सहमति जताई है कि मस्जिद का निर्माण, मंदिर को तोड़कर नहीं किया गया था। 1992 का मस्जिद विवाद अवैध है। फिर कोर्ट ने यह जमीन दूसरे पक्ष को क्यों दे दी? मुस्लिम पक्ष को 5 एकड़ वैकल्पिक जमीन दे दी गई, जिसकी न तो अपेक्षा की गई थी और न ही अदालत से इसकी मांग की गई थी। उन्होंने कहा- हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि याचिका में पूरे फैसले को चुनौती नहीं दी जा रही है। अखिल भारतीय मुसलिम पसर्नल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने रविवार को कहा था कि देश के 99% मुसलमान अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा चाहते हैं। इस पर केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा था कि एआईएमपीएलबी और जमीयते इस्लामी के बयान समाज को बांटने वाले हैं और ये लोग अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 40 दिनों की लगातार सुनवाई के बाद 9 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने अयोध्या की विवादित जमीन हिंदू पक्ष को सौंपी थी।

# चेहरे पर लगती इस कालिख को कौन पोछेगा?

**जिस** भारत में 'बेटी है तो कल है' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे नारे गुंजित होते हों, उसी भारत देश में एक पढ़ी लिखी बेटी दरिन्दों की हवस का शिकार हो जाती है। इतना ही नहीं उसे मौत के घाट उतार दिया जाता है। इससे व्यभिचार करने वालों की मानसिकता का पता चल जाता है। उनके मन में बहन बेटियों की इज्जत के कोई मायने नहीं हैं। इसकी शिकार केवल 27 वर्षीय हैदराबाद की वह युवती ही हुई है ऐसा नहीं है, ये दरिन्दे मासूम बच्चियों के साथ भी ऐसा ही खेल खेलते दिखाई देते हैं। देश में कई बार ऐसी दिल दहला देने वाली घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिसमें कभी छह माह की बच्ची के साथ बलात्कार होता है तो कभी पांच साल की बच्ची ऐसे लोगों का शिकार बन जाती है। ऐसे वातावरण में किस प्रकार से बेटी की सुरक्षा की जाए। कैसे बेटी को पढ़ाया जाए, यह चिंतन की बात एक बार फिर नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नोंचने वाली इन घटनाओं ने हमें शर्मसार किया है। ये त्रासद घटनाएं बता रही हैं कि देश में लड़कियां अभी भी सुरक्षित नहीं हैं। इन वीभत्स घटनाओं में मनुष्यता का ऐसा भद्दा एवं घिनौना स्वरूप सामने आया है जिसने पूरे राष्ट्र को एक बार फिर झकझोर दिया है। एक बार फिर अनेक सवाल खड़े हुए हैं कि आखिर कितनी बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। दिन-प्रतिदिन देश के चेहरे पर लगती इस कालिख को कौन पोछेगा? कौन रोकेगा ऐसे लोगों को जो इस तरह के जघन्य अपराध करते हैं, नारी को अपमानित करते हैं। इन सवालों के उत्तर हमने निर्भया के समय भी तलाशने की कोशिश की थी। लेकिन इस तलाश के बावजूद इन घटनाओं का बार-बार होना दुःखद है और एक गंभीर चुनौती भी है। ताजा त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं हों या निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्टू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में भारत ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किस तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उसके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। वहशी एवं दरिन्दे लोग ही नारी को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें भी नारी की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने एक बार फिर हम सबको शर्मसार किया है। यह वक्त इन स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, उस अहं के शोधन करने का है जिसमें श्रेष्ठताओं को गुमनामी में धकेल कर अपना अस्तित्व स्थापित करना चाहता है।



अशोक भाटिया

# 2024 में वोट मांगने आऊंगा, उससे पहले पूरे देश में एनआरसी लागू करेंगेः अमित शाह



**झारखंड** के चक्रधरपुर व बहरागोड़ा में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, जब मैं 2024 में आपसे वोट मांगने आऊंगा तो उससे पहले पूरे देश में एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन) लागू करके घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालने का काम भाजपा करेगी। उन्होंने आगे कहा, ये राहुल बाबा बोलते हैं, ये एनआरसी क्यों ला रहे हो? घुसपैठियों को क्यों निकाल रहे हो? कहां जाएंगे? क्या खाएंगे? क्यों भाई ये आपके चचेरे भाई लगते हैं क्या? शाह ने कहा- हेमंत और विपक्ष का मकसद सिर्फ सत्ता पाना है जबकि भाजपा झारखंड को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहती है। शाह चक्रधरपुर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुवा और बहरागोड़ा से भाजपा उम्मीदवार कुणाल षाड़ंगी के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे।

## शाह ने राममंदिर को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

- शाह ने कहा, कांग्रेस के नेता सुप्रीम कोर्ट में जाकर कहते थे कि रामजन्म भूमि का केस चलाने की जरूरत नहीं हैं। हमने आग्रह किया कि केस चलना चाहिए, जिसका परिणाम ये आया है कि सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया है कि अयोध्या में ही राम मंदिर बनेगा।
- आज राहुल गांधी झारखंड आए हैं। मैं उन्हें चैलेंज देने आया हूं कि राहुल बाबा आपके 55 साल का शासन और हमारे 5 साल का शासन का हिसाब लेकर मैदान में आ जाओ। भाजपा ने विकास की गंगा को आदिवासी दलित समाज के घर पहुंचाने का काम किया है।
- मझे विश्वास है कि झारखंड चाहता था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। झारखंड चाहता है कि आतंकवाद का खात्मा हो। झारखंड चाहता है कि नक्सलवाद खत्म हो। झारखंड चाहता है कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनें।
- झारखंड की जनता ने कई सरकारें देखीं, कई पार्टियों की सरकारें देखीं। लेकिन यहां की जनता ने विकास नहीं देखा, क्योंकि कोई भी सरकार पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं थी। 2014 में पूर्ण बहुमत के बाद रघुवर दास मुख्यमंत्री बने और झारखंड विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा। भाजपा की सरकार आदिवासियों के जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कानून लेकर आई।
- 7 दिसंबर को जब आप वोट देंगे तो ये मत सोचना कि किसी विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री के लिए वोट देना है। आपका वोट झारखंड को विकास के रास्ते पर ले जाएगा।
- हेमंत से पूछना चाहता हूं कि जब गुरुजी और भाजपा अलग राज्य के लिए आंदोलन कर रही थी, तब झारखंड के युवाओं पर गोलियां और डंडे कौन बरसाता था? कांग्रेस पार्टी ये सब करती थी और आज सत्ता के लालच के कारण हेमंत सोरेन कांग्रेस की गोदी में बैठकर वोट मांगने निकले हैं।

**7 दिसंबर को 20 सीटों पर मतदानः** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण में 7 दिसंबर को 20 सीटों पर मतदान हैं। इनमें सिमडेगा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, मान्डर, सिसई, और कोलेबरा सीट शामिल हैं।

# गैंगरेप पर बोलीं मीनाक्षी...

# मोमबत्तियां जलाने वाले ही फांसी का करते हैं विरोध

**संसद** के शीतकालीन सत्र का के 11वें दिन दोनों ही सदन में हैदराबाद गैंगरेप के मुद्दे पर बहस हुई। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी की सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मीनाक्षी लेखी ने लोकसभा में कहा कि जो लोग मोमबत्तियां लेकर सड़कों पर निकलते हैं, आरोपियों को सजा होने की स्थिति में उनकी फांसी की सजा पर आपत्ति भी वही जताते हैं और अदालतों में जाते हैं। हैदराबाद गैंगरेप के बाद से ही देश में यौन अपराधों के लिए कठोर कानून की मांग उठ रही है, साथ ही देशभर में विरोध



प्रदर्शन हो रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की संसद ऐसी घटनाओं को लेकर हमेशा चिंतित रही है और सरकार ने भी इस विषय पर कठोर कार्रवाई हो ऐसा सदन को अवगत कराया है। ओम बिरला ने कहा कि हम ऐसे अपराध की एक स्वर से निंदा करते हैं। इस पर चर्चा करने के लिए सारा सदन सहमत है। देश के किसी राज्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, हम ऐसी अपेक्षा करते हैं। वहीं इस मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि घटना से पूरा देश शर्म हुआ है। सभी ने निंदा की है।

**जया बच्चन ने कही सार्वजनिक लिंचिंग की बातः** वहीं राज्यसभा में जया बच्चन बोलीं कि ऐसे मामलों पर मैं पता नहीं कितनी बार बोल चुकी हूं। सरकार को अब कार्रवाई करनी चाहिए। एक दिन पहले ही हैदाराबाद में उसी जगह हादसा हुआ था । कुछ देशों में जनता दोषियों को सजा देती है। दोषियों को अब जनता ही सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि दोषियों की सार्वजनकि लिंचिंग होनी चाहिए। बसपा सांसद दानिश अली ने कहा कि इसकी सिर्फ निंदा नहीं करनी चाहिए। इसको राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। 2015 से अबतक महिलाओं के खिलाफ रेप का मामला बढ़ा है। ऐसी घटनाएं पहले भी हुई हैं। हमें राजनीति से ऊपर उठकर बात करनी चाहिए। मिजार्पुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हम हैदराबाद गैंगरेप की निंदा करते हैं। इस घटना ने देश को शर्मनाक किया है। देश की आधी आबादी सुरक्षित नहीं है। हमें अब चुप नहीं रहना है। ज्यादातर नेताओं ने ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हैदराबाद दुष्कर्म और हत्या मामले में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने के साथ-साथ एक सख्त कानून बनाने की मांग की। इससे पहले कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के नेताओं ने इस सामूहिक दुष्कर्म की घटना का मुद्दा उठाया और फिर सदन के अध्यक्ष ने उन्हें शून्यकाल मामले को उठाने की सलाह दी।



# कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने सीतारमण से कहा- सोचता हूं आपको निर्मला की जगह निर्बला कहना ठीक होगा

**कांग्रेस** संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। चौधरी ने निर्मला सीतारमण के लिए कहा कि आपके लिए मेरे मन में सम्मान तो बहुत है, लेकिन सोचता हूं कि आपको निर्मला सीतारमण की जगह 'निर्बला' सीतारमण कहना ठीक होगा। चौधरी ने कहा कि आप मंत्री पद पर तो हैं, लेकिन जो आपके मन में है वो कह भी पाती हैं या नहीं। चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को भी घुसपैठिया बताया था। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अधीर रंजन से माफी मांगने को कहा। जोशी ने सोमवार को कहा- मैं अधीर रंजन चौधरी के मोदी और शाह पर दिए गए बयान की निंदा करता हूं। कांग्रेस की अध्यक्ष घुसपैठिया हैं। अगर कांग्रेस के पास जरा सी भी अक्ल है तो वो माफी मांगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं मांग करता हूं कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी अधीर रंजन के बयान पर माफी मांगें। इस पर अधीर रंजन ने कहा कि ये हमारी नेता सोनिया गांधीजी को घुसपैठिया कह रहे हैं। क्या कर रहे हो आप लोग? अगर मेरा लीडर घुसपैठिया है तो आपका लीडर भी है। चौधरी ने नागरिकता संशोधन बिल को लेकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर तंज कसा था। उन्होंने कहा था- मोदी और शाह खुद घुसपैठिए हैं। इनका घर गुजरात में है और ये लोग दिल्ली आ गए।



CMYK
CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नवोदय विद्यालय छात्रा मौत मामला: सीएम योगी ने जिला पुलिस अधीक्षक को हटाया

**सरकार इस मामले में सीबीआई जांच के लिए फिर से केंद्र को पत्र भेजेगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत सितंबर में मैनपुरी जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय की एक छात्रा की मौत के मामले की जांच में हुई देरी को गंभीरता से लेते हुए रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक को हटा दिया। सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध पत्र दोबारा भेजेगी।

गृह विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गत 16 सितंबर को मैनपुरी के भोगांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में अब तक की जांच में हुई देर को बेहद गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मैनपुरी के पुलिस अधीक्षक अजय शंकर राय को तत्काल प्रभाव से हटाकर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शामली के पुलिस



अधीक्षक अजय कुमार को मैनपुरी का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने मामले की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश गत 27 सितंबर को केन्द्र के पास भेजी थी, मगर केन्द्रीय जांच एजेंसी ने अब तक यह मामला अपने हाथ में नहीं लिया। अब राज्य सरकार सीबीआई जांच के लिए फिर से सिफारिश भेजेगी। उन्होंने बताया कि सीबीआई के इस प्रकरण को अपने हाथ में न लेने तक मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए राज्य सरकार ने कानपुर के पुलिस महानिरीक्षक रोहित अग्रवाल की अगुवाई में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन भी किया है। मैनपुरी के नए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक श्यामाकान्त को भी इस टीम में शामिल किया गया है।

मैनपुरी शहर के मोहल्ला गोपीनाथ अड्डा निवासी सुभाष चंद्र पांडेय की 16 वर्षीय पुत्री अनुष्का जवाहर नवोदय विद्यालय भोगांव में कक्षा 11 की छात्रा थी। गत 16 सितंबर को हॉस्टल के कमरे में उसका शव फांसी से लटका मिला था। परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया था। जिला प्रशासन ने घटना सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार को खत लिखा था। उसके बाद सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश केन्द्र को भेज दी थी।

# पत्नी एवं साली की हत्या करने के बाद जवान ने आत्महत्या की



**पटना।** बिहार में पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र में रविवार को एक कार से जा रहे एक जवान ने किसी बात को लेकर विवाद होने पर पत्नी और साली की गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। रानीतालाब थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान भोजपुर जिले के गढ़हनी थाना अंतर्गत लालगंज गांव के निवासी और सेना के जवान विष्णु शर्मा (35), उनकी पत्नी दामिनी (32) और साली खुशबू (22) के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि तीन शव पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज भेज ले जाये गये हैं। उन्होंने बताया कि कार में मौजूद दो बच्चे और वाहन चालक सुरक्षित हैं। शर्मा बीमार थे और डेंगु की जांच के लिए कार से अपने परिवार के इन सदस्यों के साथ पटना जिला मुख्यालय आ रहे थे। वह गुजरात में पदस्थापित थे।

# पैसा निकलने का मेसेज आते ही दौड़कर जालसाजों को दबोचा



**लखनऊ।** सरोजनीनगर में सैन्यकर्मी की पत्नी ने मदद का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले दो युवकों को दबोच लिया। आरोपितों ने कार्ड बदलने के बाद रुपये न निकलने का झांसा देकर पीड़िता को टरका दिया था। हालांकि चंद कदम बढ़ते ही मोबाइल पर रुपये निकलने का मेसेज आते ही महिला माजरा समझ गईं। तुरंत लौटी तो महिला को देख आरोपी भागने लगे, लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुए दौड़कर उन्हें दबोच लिया। शोर सुनकर जुटे लोगों ने आरोपियों की धुनाई के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि कुछ आगे कार लेकर खड़े आरोपितों के तीन साथी भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

सरोजनीनगर के त्रिमूर्तिनगर में सैन्यकर्मी चन्द्रशेखर की पत्नी पारुल सिंह रविवार देर शाम स्कूटर इंडिया स्थित एचडीएफसी के एटीएम बूथ से रुपये निकालने गई थीं। बूथ में पहले से दो युवक खड़े थे। रुपये न निकलने पर दोनों ने मदद का झांसा देते हुए कार्ड लिया और मशीन में लगाने के बाद कुछ दिक्कत बताते हुए लौटा दिया। बूथ से निकलकर पारुल कुछ कदम ही बढ़ी थीं कि बीस हजार रुपये निकलने का मेसेज आया। उन्हें माजरा समझने में देर न लगी। बूथ पहुंचने पर उन्होंने युवकों को पकड़ने की कोशिश की, इस दौरान आरोपियों ने धक्का देकर भागने की कोशिश की।

पारुल ने हिम्मत नहीं हारी और एक युवक को दबोचने के साथ ही मदद के लिए शोर मचाया। आसपास मौजूद लोग माजरा समझते ही दौड़े और आरोपित को पकड़ लिया। धुनाई के साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सरोजनीनगर परवेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक तलाशी में आरोपितों के पास से एटीएम कार्ड और रुपये बरामद हो गए।

इंस्पेक्टर के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों में गाजियाबाद निवासी संजीव गुप्ता और मोहम्मद हासिम उर्फ सद्दाम शामिल हैं। छानबीन में पता चला कि कुछ ही दूर पर आरोपित की तीन साथी भी कार लेकर खड़े थे। शोर मचने पर कार लेकर भाग निकले। कार नंबर के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपितों का पूरा गिरोह है, जो एटीएम बूथ में मदद के नाम पर जालसाजी करता है।

# हनी ट्रैप केस: सात बच्चों और 67 महिलाओं को पुलिस ने जीतू सोनी के बार से छुड़ाया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के चर्चित हनी ट्रैप केस में कई बड़े लोगों के नाम सामने आए हैं। इसके बाद से ही पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शनिवार को इंदौर के गीता भवन चौराहे पर आरोपी सोनी परिवार द्वारा चलाए जा रहे एक नाइट क्लब से 67 युवतियों और महिलाओं को बचाया गया है। इनके साथ सात बच्चे भी थे। जानकारी के मुताबिक, इनमें पश्चिम बंगाल और असम की महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर दयनीय स्थिति में रखकर उनसे डांस बार में काम लिया जा रहा था।

बताया गया कि हनी ट्रैप गिरोह के जाल में फंसे कुछ प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से जुड़े ऑडियो-विडियो पर आधारित खबरों को लेकर मचे हड़कंप के बाद एक कारोबारी के मीडिया संस्थान और उसके अन्य ठिकानों पर पुलिस और प्रशासन ने शनिवार देर रात छापे मारे। इसके साथ ही, महिलाओं की मानव तस्करी और अश्लील सामग्री के आपत्तिजनक प्रकाशन-प्रसारण समेत अलग-अलग आरोपों में चार प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारी के बेटे को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रुचिवर्धन मिश्र ने रविवार को बताया कि इन मामलों के आरोपियों में स्थानीय कारोबारी जीतेंद्र सोनी, उनके बेटे अमित सोनी और उनसे जुड़े अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। मामलों की जांच के संबंध में सोनी के घर, होटल, रेस्तरां, नाइट क्लब और शराब बार पर छापे मारे गए। जीतेंद्र सोनी, एक सांध्य दैनिक के मालिक और प्रधान संपादक भी हैं। पुलिस ने इस मीडिया संस्थान के परिसर की भी जांच की।

एसएसपी ने बताया कि सोनी की तलाश जारी है जबकि उनके बेटे अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि सोनी का सांध्य दैनिक हनी ट्रैप मामले में फंसे राजनेताओं और नौकरशाही से जुड़े रसूखदार लोगों से कथित रूप से संबंधित ऑडियो-विडियो पर आधारित खबरें पिछले कई दिनों से प्रकाशित और प्रसारित कर रहा था। इस बीच, इंदौर प्रेस क्लब और प्रदेश के अन्य पत्रकार संगठनों ने सोनी के मीडिया संस्थान और उनके कारोबारी ठिकानों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को डराने का सरकारी प्रयास करार देते हुए इसकी तीखी निंदा की है। सोशल मीडिया पर भी पत्रकार इस कार्रवाई को लेकर विरोध जता रहे हैं।

**पुलिस ने कहा- प्रिंटिंग प्रेस सील नहीं किया गया**

एसएसपी ने बताया कि सोनी के कार्यालय से कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। इस कार्यालय में तीन संदिग्ध तिजोरियों को सील कर दिया है। उन्होंने इन खबरों को खारिज किया कि सोनी के सांध्य दैनिक के प्रिंटिंग प्रेस को सील किया गया है।

# दिल्ली में बढ़ रही अवैध हथियारों की तस्करी, 33% हथियार इस साल बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अपराधियों के हाथ तक पहुंचने के लिए हथियारों की आमद बढ़ गई है। दिल्ली पुलिस ज्यादा संख्या में हथियारों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा सकती है कि उन्होंने ज्यादा सक्रियता दिखाई है, लेकिन इस बरामदगी का मतलब दिल्ली में हथियारों की आवक बढ़ रही है। पुलिस के आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल दिल्ली पुलिस ने 33 प्रतिशत हथियार ज्यादा पकड़े हैं। इस बात से पुलिस भी सहमत होगी कि वह आने वाले हथियार की पूरी बरामदगी नहीं कर पाती है। अब यह चिंता की बात है कि दिल्ली पुलिस की सक्रियता के बावजूद हथियार तस्कर दिल्ली का रास्ता नहीं छोड़ रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आर्म्स ऐक्ट के मामले दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। पिछले साल 15 नवंबर तक आर्म्स एक्ट के 1300 मामले दर्ज हुए थे, जबकि इस साल ये बढ़कर दोगुने से भी ज्यादा यानी 2700 हो गए हैं। नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस ने सबसे अधिक हथियार पकड़े हैं, लेकिन हथियारों की बरामदगी के मामले में उनका जिला टॉप पर नहीं है। स्पेशल सेल के हाथ सबसे अधिक हथियार और बदमाश चढ़े हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच ने मिलकर लगभग 900 अवैध हथियार पकड़े हैं, जबकि बाकी 1600 हथियार अलग-अलग जिलों की पुलिस ने पकड़ा है। उन्होंने बताया कि जिले में सबसे अधिक 278 हथियारों की बरामदगी आउटर नॉर्थ जिले में हुई है, जबकि दूसरे नंबर पर नॉर्थ में 258 हथियार पकड़ने वाली नॉर्थ ईस्ट पुलिस है। पुलिस के मुताबिक, पिछले साल पुलिस ने 15 नवंबर तक 1712 हथियार पकड़े थे, जबकि इस साल बरामद हथियारों की संख्या 2696 हो गई है।

# बर्फीली धूप की सुनहरी चादर में रची-बसी हैं ये खास Winter Trip डेस्टिनेशन्स

सर्दियों की बर्फीली धूप और जहां तक नजर जाए तो बस ठहर ही जाए। पर्वतों की श्रृंखलाएं और उनपर पड़ी बर्फ ही बर्फ। ट्रैवलिंग के लिए ऐसी किसी डेस्टिनेशन की तलाश में हैं तो हम आपको रुबरु करवाते हैं कुछ खास जगहों से। जहां आपको प्रकृति की खूबसूरती को बेहद करीब से देखने का मौका तो मिलेगा ही साथ ही आप तमाम मस्ती भी कर पाएंगे। आइए जानते हैं...

**सेडोना, एरिजोना, यूएसए**

यूएसए का यह शहर लाल बलुआ पत्थर संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध है। सर्दियों में यहां बिखरी पड़ी बर्फ पर जब धूप पड़ती है तो लगता है जैसे सुनहरी धूप की चादर हो। ट्रैवलर्स यहां पर पैदल चलना पसंद करते हैं। इसके अलावा हॉट एयर बलून की ट्रिप भी ट्रैवलर्स को बहुत पसंद आती है।

**इंन्नाा, अलबर्टा, कनाडा**

यह शहर पहाड़ों से घिरा हुआ है। यही वजह है कि यहां पर पूरे साल ट्रैवलर्स का आना-जाना लगा ही रहता है। सर्दियों में यहां कई तरह के स्पोर्ट्स इवेंट्स होते हैं। इसमें स्कीइंग, साइकिलिंग और क्लिमबिंग सहित अन्य कई सारे गेम्स आयोजित होते हैं। इसके अलावा यहां का स्थानीय खाना भी ट्रैवलर्स की पहली पसंद होता है।

**वियना, ऑस्ट्रिया**

अल्पाइन क्षेत्र में स्थित वियना ट्रैवलर्स के आकर्षण का केंद्र है। सर्दियों में इस जगह पर कई सारी एडवेंचर ऐक्टिविटीज होती हैं। यहां के टाउन हॉल का आर्किटेक्चर भी काफी बेहतरीन है। क्रिसमस के आसपास यहां का माहौल बहुत ही खूबसूरत हो जाता है। हर तरफ पर्यटक ही पर्यटक रहते हैं और यहां का शानदार खाना और मिठाई इंजॉय करते हैं।



## ठंडी हवाएं और देवदार के पेड़ फिल्मी लोकेशन से कम नहीं



हाथों में उनका हाथ हो और शांत-खूबसूरत वादियों वाला शहर हो। जहां तक नजर जाए बस बर्फ ही बर्फ और उसपर पड़ती हल्की-हल्की धूप की रोशनी। बिल्कुल फिल्मी लोकेशन जैसी फील आएगी न। जी हां ये जगह है ही ऐसी। हम उत्तराखंड के ' धनौल्टी' के बारे में आपको बता रहे हैं। यहां की फिजाओं में ही रोमांस बरसता है। उस पर होने वाला स्नो फॉल पार्टनर के साथ की गई इस ट्रिप को यादगार बनाने के लिए काफी है। अगर आप इस विंटर में अपने 'उनके' साथ कहीं ऐसी ही जगह जाना चाहते हैं तो 'धनौल्टी' को प्रॉयरिटी दे सकते हैं।

**मसूरी से कुछ दूरी पर है धनौल्टी**

धनौल्टी मसूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित है। ये बहुत ही शांत और खूबसूरत जगह है। यह जगह देवदार के वृक्षों से घिरी हुई है और यही इस लोकेशन की खासियत भी है। यहां लंबी-लंबी ढलानें, शांत और मध्यम गति से चलने वाली हवाएं पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। यूं लगता है कि जैसे ये भी ट्रैवलर्स को इंतजार करती हैं और उनके पहुंचते ही धीमी गति से बहने लगती हैं। इसके अलावा यहां बर्फ से ढके पहाड़ और स्नो फॉल का भी आनंद ले सकते हैं।

**इन जगहों पर भी घूम सकते हैं**

धनौल्टी में जोरांडा फॉल्स, इको पार्क, हिमायलन वीवर्स, सुरकंडा देवी, दशावतार मंदिर और धनौल्टी एडवेंचर पार्क सहित अन्य जगहों की सैर कर सकते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृष**
जरुरी न हो तो यात्रा व निवेश न करें। मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। साथी व सहयोगी पूर्ण मदद करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता।

**मिथुन**
आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**
संतान की गतिविधियां चिंता का कारण बन सकती हैं। आय व्यय का संतुलन बनाकर कार्य करें। नकारात्मकता को अपने हावी न होने दें।

**सिंह**
बैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या**
वरिष्ठजनों का साथ हितकारी रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क हो सकता है। कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**तुला**
रुके अधूरे कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कामकाज में ईमानदारी पसंद करेंगे। समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**वृश्चिक**
अचानक विपरीत हुई परिस्थितियों से मन दुखी हो सकता है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। पड़ोसियों से कुछ मतभेद हो सकते हैं।

**धनु**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि, भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**मकर**
बुद्धि व विवेक से महत्वपूर्ण मसले सुलझाएंगे। कार्य के प्रति आपका दृष्टिकोण रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत करेंगे। निवेश लाभदायक।

**मीन**
संतान की ओर से उत्साहवर्धक समाचार मिल सकता है। पिता का प्रेम व सहयोग मिलेगा। आध्यात्म व दर्शन के प्रति रुचि बढ़ेगी। यात्रा टालें।

# अद्भुत है पर्वत पर बसा 'तुंगनाथ' मंदिर, बर्फबारी का भी ले सकते हैं मजा

सोचिए जरा किसी ऐसी जगह के बारे में जहां पर आप बर्फबारी का भी मजा ले सकें और अध्यात्म से भी रूबरू हो सके। तो हो गई न शानदार ट्रिप एक ही टाइम पर। आज हम आपको ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं जहां पहुंचकर आपको लगेगा जन्नत कहीं है तो बस यहीं। 'तुंगनाथ' उत्तराखंड के गढ़वाल के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित एक पर्वत है। इसी पर्वत पर स्थित है 'तुंगनाथ मंदिर।' यह भोलेनाथ के पंच केदारों में से एक है।

**पाण्डवों ने की थी स्थापना**

मंदिर के निर्माण के बारे में जानकारी मिलती है कि इसे पाण्डवों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए स्थापित किया था। इसके पीछे कथा मिलती है कि कुरुक्षेत्र में हुए नरसंहार से भोलेनाथ पाण्डवो से रुष्ट थे तभी उन्हें प्रसन्न करने के लिए ही इस मंदिर का निर्माण किया गया था। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि माता पार्वती ने भी शिव को पाने के लिए यहीं पर तपस्या की थी।

**मखमली घास, बर्फ की चादर और खूबसूरत फूल**

तुंगनाथ मंदिर के आसपास नवंबर के बाद से ही बर्फ का सुंदर नजारा दिखने लगता है। जहां तक नजरें जाती हैं वहां तक मखमली घास और पर्वत और आसपास बर्फ देखकर यूं लगता है जैसे बर्फ की चादर बिछी हो। यह नजारा इस जगह को और भी ज्यादा खूबसूरत बना देता है। साथ ही



खिले हुए बुरांश के फूल जिन्हें देखकर आपकी नजरें ही नहीं हटेंगी उनसे।

**कब और कैसे जाएं 'तुंगनाथ'**

यूं तो मई से नवंबर तक कभी भी तुंगनाथ के दर्शनों के लिए जा सकते हैं। लेकिन जनवरी और फरवरी का समय यहां पर लोगों को काफी पसंद आता है। इस दौरान यहां पर खूब बर्फ होती है। 'तुंगनाथ' के दर्शन करने के लिए ऋषिकेश से गोपेश्वर होकर चोपता जाना होगा। इसके बाद 'तुंगनाथ' के लिए स्थानीय साधन मिल जाते हैं। इसके अलावा दूसरा रास्ता ऋषिकेश से ऊखीमठ होकर जाता है। ऊखीमठ से भी चोपता जाना होगा उसके बाद 'तुंगनाथ' मंदिर के लिए साधन मिल जाते हैं।

# क्या टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे धोनी? गांगुली बोले- उन्हीं से पूछ



**मुंबई।** सौरभ गांगुली से जब पूछा गया कि क्या विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा लेंगे? इसके जवाब में बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा, 'कृपया धोनी से पूछें।' धोनी जुलाई में इंग्लैंड में वनडे वर्ल्ड कप में भारत के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद से ही क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। वह वेस्ट इंडीज दौरे पर नहीं गए और इसके बाद साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी नहीं खेले।

गांगुली से जब एक पत्रकार ने धोनी की टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की संभावना के बारे में पूछा तो उनका सीधा जवाब था, 'कृपया धोनी से पूछें।' गांगुली बोर्ड की 88वीं वार्षिक आम बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

हाल ही में महेंद्र सिंह धोनी जब एक कार्यक्रम के लिए मुंबई में आए थे तब भी उनकी वापसी को लेकर पत्रकारों ने सवाल किए थे। हालांकि धोनी ने अपनी वापसी से जुड़े सवाल को बीच में ही काटते हुए कहा था कि उनसे इस बारे में जनवरी तक कुछ न पूछा जाए।

# 8 फेरे, 1 रुपये में रिश्ता, 21 बाराती.. ऐसे हुई बबीता-विवेक की शादी

**नई दिल्ली।** 'दंगल गर्ल' के नाम से मशहूर भारतीय महिला रेसलर बबीता फोगाट आठ फेरे लेकर भारत केसरी पहलवान विवेक सुहाग के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। दोनों ने सात फेरों की बजाय आठ फेरे लेकर ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्न का संदेश दिया।

शादी बिना दान-दहेज और साधारण रीति-रिवाज तथा तमाम हिंदु रस्मों के साथ संपन्न हुई। इसमें सिर्फ 21 बाराती ही आए और साधारण तरीके से शादी का कार्यक्रम हुआ। 2 दिसंबर को दिल्ली में एक कार्यक्रम रखा गया है।

बबीता ने इंटरनैशनल लेवल पर देशा का नाम रोशन किया है लेकिन उनकी शादी बेहद साधारण से कार्यक्रम में हुई। 2014 और 2018 की कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट बबीता के पिता द्रोणाचार्य अवॉर्डी महाबीर फोगाट ने उनका रिश्ता केवल एक रुपये में तय किया था।

बलाली गांव में बड़े ही साधारण तरीके से संपन्न हुए इस शादी समारोह में परिवार के अलावा कई विदेशी पहलवान भी मौजूद रहे। रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे बारात बलाली पहुंची जहां बबीता के परिवार के लोगों ने दूल्हे विवेक और शादी में आए मेहमानों के लिए खास तौर पर हरियाणवी देसी खाना तैयार कराया गया जिसमें देशी घी का हलवा, सरसों का साग, खीर-चूरमा, बाजरा रोटी, चटनी सहित सभी व्यंजन थे।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, प्रियम गर्ग को कमान

**मुंबई।** यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में गत चैंपियन भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने रविवार को यहां बैठक करने के बाद 17 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले टूर्नमेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। दायें हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गर्ग के नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक और लिस्ट ए में शतक दर्ज है।



गर्ग भारत सी टीम का भी हिस्सा थे जो पिछले महीने देवधर ट्रॉफी में उप विजेता रही। उन्होंने फाइनल में भारत बी के खिलाफ 74 रन की पारी खेली। अंडर-19 विश्व कप का 13वां टूर्नमेंट 16 टीमों के बीच खेले जाएगा जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पहली बार क्वॉलिफाइ करने वाले जापान, न्यू जीलैंड और श्रीलंका के साथ रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर लीग चरण के लिए क्वॉलिफाइ करेंगी। भारत इस टूर्नमेंट की सबसे सफल टीम है जिसने 2018 में पिछले खिताब सहित कुल चार बार प्रतियोगिता जीती है। भारतीय टीम ने 2018 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया था और टूर्नमेंट में अजेय रही थी। विश्व कप से पहले भारत की अंडर-19 टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी और वहां मेजबान देश की अंडर-19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों के अलावा चतुष्कोणीय सीरीज खेलेगी।

## साउथ एशियन गेम्सः वॉलीबॉल में भारत-पाकिस्तान के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**काठमांडू (नेपाल)।** गत चैंपियन भारत और पाकिस्तान ने 13वें साउथ एशियन गेम्स (सैग) की मेंस वॉलीबॉल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। दोनों के बीच खिताबी मुकाबला मंगलवार को खेजा जाएगा। भारत ने श्रीलंका को 27-25, 25-19, 21-25, 25-21 से जबकि पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 25-15, 25-21, 26-24 से हराया।



भारत महिला वर्ग में भी गत चैंपियन है और मंगलवार को ही खिताबी मुकाबले में उसका सामना मेजबान नेपाल से होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने मालदीव को हराया।

मौजूदा चैंपियन भारतीय खो खो टीम ने ने विजयी शुरूआत की है। भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 13 अंकों से हराया। मेंस टीम को आज दो मैच खेलने हैं। सुबह के सत्र में भारत का सामना मेजबान नेपाल से होगा जबकि इसके बाद उसे बांग्लादेश से भिड़ना है। स्पर्धा का सेमीफाइनल मंगलवार को जबकि फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

## रूट के दोहरे शतक से इंग्लैंड को न्यूजीलैंड पर बढ़त

**हैमिल्टन।** कप्तान जो रूट के तीसरे दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 476 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 101 रन की बढ़त हासिल की और मैच जीतकर दो मैचों की श्रृंखला बराबर करने की उम्मीद जीवंत रखी। रूट (226) ने ओली पोप (75) के साथ छठे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड की टीम चौथे दिन चाय से ठीक पहले आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज नील वैगनर ने 124 रन पर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने पारी में नौवीं बार पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 96 रन बनाए। श्रृंखला जीतने के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को अब लंबे समय तक क्रीज पर टिककर इंग्लैंड को जीत से रोकना होगा और इसमें बारिश से उन्हें मदद मिल सकती है क्योंकि मंगलवार को बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

## ला लीगाः मेसी के गोल से बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत बार्सिलोना रविवार को एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर ला लीगा फुटबाल टूर्नमेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। अर्जेंटीना के स्टार मेसी ने लुईस सुआरेज के साथ मिलकर शानदार मूव बनाते हुए 86वें मिनट में गोल दागकर बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की।



इस जीत के साथ ही बार्सिलोना के 14 मैचों में 31 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। रियल मैड्रिड के भी इतने ही मैचों मे इतने ही अंक हैं लेकिन टीम बार्सिलोना से खराब गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड की टीम 15 मैचों में 25 अंक के साथ छठे स्थान पर है। रविवार को एक अन्य मैच में तीसरे स्थान पर चल रहे सेविला ने 63वें मिनट में डिएगो कार्लोस के गोल की मदद से लेगानेस को 1-0 से हराया। सेविला के बार्सिलोना और रियल मैड्रिड से सिर्फ एक अंक कम है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ...रो पड़ीं आलिया भट्ट



**हाल** में आलिया भट्ट एक इवेंट में शामिल हुईं जहां उन्होंने अपनी बहन शाहीन भट्ट के डिप्रेशन से लड़ने के बारे में चर्चा की। इस बारे में बात करते हुए आलिया अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख सकीं और रोने लगीं। शाहीन ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था कि वह जब 13 साल की थीं तभी से डिप्रेशन से जूझ रही थीं और उन्होंने इसके ऊपर एक किताब भी लिखी है। इस किताब को पढ़ने के बाद ही आलिया को अहसास हुआ कि उनकी बहन ने क्या कुछ झेला है। आलिया अपनी बहन शाहीन से 5 साल छोटी हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि उन्हें अपनी बहन पर गर्व होने के साथ ही उनकी स्थिति को देखकर दुख भी होता है। उन्होंने कहा कि हमेशा बहन के साथ रहने के बावजूद वह अपनी बहन की भावनाओं को तब समझ सकीं जब उन्होंने 'I've Never Been (un) Happier' नाम की किताब लिखी। आलिया ने यह भी कहा कि वह खुद को दोषी भी मानती हैं क्योंकि जब उनकी बहन इतनी परेशानी में थीं तो वह बहन के रूप में वैसी नहीं थी जैसी उन्हें होना चाहिए था। बता दें कि शाहीन इस समय लंदन में पढ़ रही हैं इसलिए आलिया को जब भी वक्त मिलता है तो वह उनसे मिलने के लिए इंग्लैंड चली जाती हैं।

# अनन्या पांडे ने बताया कि कब करना चाहती हैं शादी



**ऐक्ट्रेस** अनन्या पांडे इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर दिखाई देंगे। हाल में अनन्या ने बातचीत करते हुए कई दिलचस्प सवालों के जवाब दिए। अनन्या से पूछा गया कि फिल्म में काम कर रहे तीनों ऐक्टर्स में से किसकी शादी सबसे पहले हो सकती है। इसके जवाब में भूमि और कार्तिक ने तुरंत अनन्या की ओर इशारा किया। इसके जवाब में अनन्या ने कहा, क्या? तुम दोनों लोगों को ऐसा क्यों लगता है कि मेरी शादी सबसे पहले होगी? इस पर भूमि और कार्तिक हंसते रहे और अनन्या की टांग खिंचाई करते रहे। इसके बाद सफाई देते हुए अनन्या ने कहा कि वह जबतक 30 साल की नहीं हो जाएंगी तब तक शादी नहीं करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें किसी से प्यार हो जाता है और पर्फेक्ट पार्टनर 30 की उम्र से पहले मिल जाता है तो वह जल्दी भी घर बसा सकती हैं। अनन्या ने यह भी कहा कि फिल्म 'पति पत्नी और वो' में काम करने से पहले ही उन्हें कार्तिक के ऊपर क्रश था।

## प्रिंस है तैमूर अली खान और उसे यह पता भी है: तमन्ना भाटिया

**सैफ** अली खान और करीना कपूर का बेटा तैमूर अली खान अपने पैदा होने के बाद से ही किसी बॉलिवुड सिलेब्रिटी से कम नहीं है। बॉलिवुड के लोग भी तैमूर को बहुत पसंद करते हैं और वह फटॉग्रफर्स का भी चहेता है। कई मौकों पर बॉलिवुड के सितारे भी तैमूर के लिए अपना प्यार जता चुके हैं। अब इस लिस्ट में 'बाहुबली' स्टार तमन्ना भाटिया का नाम भी जुड़ गया है। हमारे सहयोगी जूम टीवी से तैमूर के वायरल विडियो के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने कहा कि उन्हें तैमूर बेहद क्यूट है और वह उन्हें छोटे से मफिन की तरह लगता है। तमन्ना ने आगे कहा कि तैमूर किसी राजकुमार का छोटा रूप है और ऐसा लगता है कि वह इस बात को अच्छी तरह समझता भी है। बता दें कि इससे पहले जैकलिन फर्नांडिस, रणवीर सिंह जैसे कई ऐक्टर्स खुलेतौर पर जता चुके हैं कि वह तैमूर को बहुत पसंद करते हैं। हाल में करीना ने बताया भी बताया था कि इतना ज्यादा अटेंशन पाकर तैमूर मीडिया और कैमरे से दूर भी होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तैमूर जब भी कैमरा देखता है तो 'नो फिक्र' कहता है।



